तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 14 मार्च 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का कड़ाई से करें पालन : कलेक्टर



## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए दावा आपत्ति आज तक

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शालाओं मं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए निःशुल्क प्रवेश दिलाया जाता है। इस योजनांतर्गत जिले में वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए अनुसचित जनजाति वर्ग से 5 सीट एवं अनुसूचित जाति वर्ग 1 सीट निर्धारित है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित चयन परीक्षा 10 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल में देखा जा सकता है। इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 14 मार्च तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरिया उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

### प्रवेश परीक्षा 15 अप्रैल को

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमनीपारा बैकुंठपुर पूर्ण आवासीय संस्था में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं एवं 11 वीं में स्वीकृत सीट एवं रिक्त सीट में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 15 अप्रैल को पुर्वान्ह 11:30 से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### कलेक्टर जनदर्शन में 30 आवेदन हुए प्राप्त

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन मे अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 12 मार्च को कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए।

### विद्यार्थियों लिए सीट होगा आवंटन

**एमसीबी।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शालाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए निःशुल्क प्रवेश दिलाया जाता है। इस योजना के अंतर्गत जिले से वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 6 वीं के विद्यार्थी के लिए 5 सीट एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 1 सीट निर्धारित किया गया है।

### लंबे समय बाद स्थाई निश्चेतना विशेषज्ञ की हुई है पदस्थापना

# जिला अस्पताल में 12 दिन में 30 सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अस्पताल बैकुंठपुर में लंबे अरसे बाद स्थाई रूप से निश्चेचना चिकित्सक की नियुक्ति हो पाई है, इसके पूर्व अल्प काल के लिए एक निश्चेतना विशेषज्ञ आए थे और चले गए, वहीं जिला चिकित्सालय में लंबे समय से उधार के निश्चेतना विशेषज्ञ की सेवाएं ली जा रही थी, इससे मरीजों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

बीते दिनों जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुमार कुर्रे ने पदभार ग्रहण किया। अब स्थाई चिकित्सक हो जाने के बाद डॉ. कुर्रे के द्वारा 12 दिनों में 30 सर्जरी संभव हो पाया, इसके पहले मनेन्द्रगढ़ से निश्चेतना चिकित्सक को सर्जरी कार्य के लिए बुलाया जाता था, इसके लिए जीवन दीप समिति से राशि का भुगतान किया जाता था, इसके अलावा कई बार यह भी शिकायत रहती थी कि बाहर से निश्चेतना विशेषज्ञ को बुलाने पर उसका खर्च मरीजों के परिजनों को ही वहन करने की थी, इससे अब निजात मिल गई है।

**निश्चेतना चिकित्सक की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी-** जिला चिकित्सालय में स्थाई निश्चेतना चिकित्सक नहीं होने के कारण यहां आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी ⏭ शेष पेज 4 पर




### अब नियमित रूप से हो रहे आपरेशन



जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में डॉ.मनीष कुर्रे निश्चेतना विशेषज्ञ के रूप में अपनी ज्वाईनिंग दी है, इसके बाद से जिला चिकित्सालय में नियमित रूप से छोटे-बडे आपरेशन हो रहे हैं, जिससे कि मरीजों व उनके परिजनों को जिला चिकित्सालय में ही नियमित रूप से सर्जरी की सुविधा मिल गई, इसके पूर्व कई बार आपात स्थिति में मरीजों को सीधे रिफर करने के अलावा कोई चारा नहीं था। वहीं समय-समय पर मनेन्द्रगढ़ के एक निश्चेतना चिकित्सक की सुविधा मिलती थी, लेकिन आपात स्थिति में सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता, जबकि जिला चिकित्सालय में सर्जन चिकित्सक तो पदस्थ है, लेकिन पहले निश्चेतना चिकित्सक ही नियमित नहीं थे। अब जिला चिकित्सालय में नियमित निश्चेतना चिकित्सक पदस्थ हो जाने के बाद मरीजों व उनके परिजनों की परेशानी कम हो गई है और जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधा का लाभ मिलने लगा है।

## जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से सीटी स्कैन

जिला अस्पताल सहित प्राथमिक, सामुदायिक अस्पताल को लेकर शासन-प्रशासन गंभीर बना हुआ है। मरीजों के बेहतर इलाज हो, इसके लिए लगातार जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर ने जानकारी दी कि जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन में अब तक 1 हजार 420 मरीजों का सीटी स्कैन हुआ है, इनमें से 870 मरीजों के आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क जांच की गई है। जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीन होने से करीब 1 हजार 641 मरीजों का डायलिसिस किया गया है। राष्टीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मरीजों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिला अस्पताल में निश्चेतना विशेषज्ञ एवं रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना होने से अंचल के मरीजों को लाभ मिलेगा। सोनोग्राफी मशीन लगने से सोनहतवासियों की तकलीफ दूर हुई है। सोनहत विकासखंड़ के रामगढ़ क्षेत्र के गर्भवती माताओं को इलाज एवं सोनोग्राफी के लिए 80 किमी का सफर करते हुए बैकुंठपुर जिला अस्पताल आना होता था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में सोनोग्राफी मशीन स्थापित होने से 413 गर्भवती माताओं को निःशुल्क जांच की गई और इस तरह आर्थिक, मानसिक व शारीरिक समस्याओं से छुटकारा भी मिलने लगी है। विकासखंड़ बैकुंठपु के सरईगहना स्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की व्यवस्थाओं को लेकर राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस के तहत राष्टीय प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक 17 हाट बाजारों में करीब 74 हजार मरीजों की जांच, दवाई दिए गए हैं।

# इमारती लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा गया



कार्रवाई के दौरान जब्त लकड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड़ में इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही एवं उदासीनता की वजह से माफियाओं का राज चल रहा है। वनांचल क्षेत्र के नदियों, पहाड़ों एवं जंगल में माफियाओं का कब्जा है, जहां माफिया खनिज, रेत सहित हरे-भरे पेड़ों को क्षति पहुंचा रहे हैं, इससे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हरा-भरा जनकपुर क्षेत्र का अस्तित्व संकट में आ गया है।

- **वन माफिया सक्रिय, कोटाडोल वनपरिक्षेत्र में हुई कार्रवाई**

वनांचल क्षेत्र जनकपुर में इस समय वन माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से हरे भरे जंगल की कटाई कर लकड़ी को ट्रकों में भरकर उत्तरप्रदेश, बिहार सहित अन्य राज्यों में ले जाकर बिक्री कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को भरतपुर ब्लाक के कोटाडोल वनपरिक्षेत्र के ग्राम नेऊर के छपराडांड़ में सामने आया है, जहां स्थानीय ग्रामीणों ने एक 12 चक्का ट्रक में खैर की लगभग 20 घनमीटर लकड़ी को परिवहन करते हुए पकड़कर वन विभाग के सुपुर्दगी में देकर कार्रवाई कराए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात में कोरिया वनमंडल अंतर्गत कोटडोल परिक्षेत्र के जंगल से वन माफिया खैर की लकड़ी को अवैध रूप से काटकर 12 चक्का ट्रक क्रमांक एचआर 69 बी 6524 में भरकर उत्तरप्रदेश ले जा रहे थे। ट्रक जंगल से निकलकर ग्राम पंचायत नेऊर के छपराडांड़ के नजदीक रेतीली मिट्टी में फंस गई। स्थानीय ग्रामीणों की नजर पड़ गई तो उन्होंने खैर की इमारती लकड़ी से भरा ट्रक को पकड़ लिया और वनपरिक्षेत्राधिकारी को सूचना देकर उनके सुपुर्दगी में दे दिया। सूचना पर रेंजर के साथ तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे तो ट्रक ड्राइवर के अलावा अन्य कोई भी मौके पर नहीं मिला। वन विभाग ने लकड़ी सहित ट्रक को जब्त कर राजसात की कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि यहां के जंगल से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर लकड़ी की तस्करी की जा रही थी।

# लापरवाह कर्मी पर होगी कड़ी कार्रवाई, जीवनदीप समिति की बैठक

कोरिया जिले के विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के मंशानुसार हर हाल में हम सबको मरीजों के बेहतरी के लिए काम करना है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व परिजनों के साथ शालीनता से व्यवहार करें और उन्हें बेहतर जांच-उपचार उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई रखे, साथ ही डॉक्टरों, नर्सो व अन्य कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने तथा लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने एजेंडा पर बिंदुवार चर्चा करते हुए




जीवन दीप समिति के आय-व्यय के मदों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जीवन दीप समिति की राशि का व्यय करने के पूर्व समिति से अनुमोदित कराने को कहा। बैठक में पोस्टमार्टम के लिए स्वीपर, सुरक्षागार्ड की नियुक्ति, गार्डन में फिनिसिंग तार से घेराव, स्टोर कक्ष का सुधार कार्य कराए जाने, औषधि वितरण केन्द्र को बाहर किए जाने, स्नानागार का स्थल बदलने तथा सिंटेक्स टंकी बदलने की स्वीकृति प्रदान की। कलेक्टर ने वार्ड के शौचालयों का सुधार कार्य तथा महिला वार्ड के परिचालिका कक्ष में शौचालय निर्माण कार्य की स्वीकृति देते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने नगर पालिका बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जिला चिकित्सालय के सामान्य कचरे का प्रतिदिन उठाव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए चिकित्सालय परिसर में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर, सिविल सर्जन डॉ.आर बनसरिया,आरएमओ डॉ.अनित बखला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सीबी सिंह, नगर पालिका के अधिकारी, ई एडएम के अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जीवन दीप समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# 14676 किसानों को 79 करोड़ 36 लाख का भुगतान




कृषक उन्नत योजना के तहत चेक वितरण करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

जिले में लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। जिले की अधिकांश क्षेत्र वर्षा अधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है। फलस्वरूप जिले के कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यंत्रीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। छग शासन की महत्वाकांक्षी योजना कृषक उन्नति योजना का क्रियान्वयन खरीफ वर्ष 2023-24 से किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल कास्त लागत की कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार लाना है। कृषकों की उन्नत बीज, उर्वरक कीटनाशक, मानव श्रम, यंत्रीकरण एवं नवीन कृषि तकनीक में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है। सहकारी समितियों एवं छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से धान बीज उपार्जित करने वाले भू-स्वामी एवं वन पट्टाधारी कृषक योजना के लिए पात्रता रखते हैं। इन कृषकों को खरीफ 2023 में उपार्जित धान की मात्रा पर 19257 रुपए, उन्नीस हजार दो सौ संतावन रूपए प्रति एकड़ की दर रो आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है। वर्ष 2023-24 में जिले की 14 समितियों के 24 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 14676 कृषकों द्वारा 865431.60 क्विंटल धान का विक्रय किया गया है, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर 188.92 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। कृषक उन्नति योजनांतर्गत वर्ष 2023-24 में राशि रुपए 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी से अंतर की राशि का भुगतान आज इस आदान सहायता राशि वितरण समारोह के माध्यम से किया गया। जिले के धान उपार्जन करने वाले 14676 कृषकों को 79 करोड़ 36 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में मुख्यमंत्री के द्वारा हस्तांतरित किया गया। कृषक उन्नत योजनांतर्गत विजय कुमार समिति डोड़की को 120127 रुपए तथा सुरेश यादव समिति घुटरा को 114808 रुपए का चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, मंडल अध्यक्ष नागपुर धनेश कुमार यादव, लखनलाल श्रीवास्तव, संजय राय, धनंजय सोनी, सचिव अनिल ठाकुर, नोडल अरविंद कुमार नामदेव, जनपद सीईओ रघुनाथ राम, रवि गुप्ता, बलराम सिंह सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता**

8 March Happy Woman's Day

| प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | चतुर्थ पुरस्कार | विशेष पुरस्कार 5 | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोने की अंगूठी | मिक्सर ग्राइंडर | डिनर सेट | इलेक्ट्रिक आयरन | | एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार |

1. अर्जुन पुरस्कार प्राप्त प्रथम महिला ? ..........
2. महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना कब हुई ? ..........
3. आस्कर पुरस्कार जितने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
4. बुकर पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
5. मिस वर्ल्ड बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
6. दूरदर्शन पर समाचार पढ़ने वाली प्रथम महिला ? ..........
7. राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है ? ..........
8. सुप्रीम कोर्ट की प्रथम महिला जज ? ..........
9. भारत की प्रथम महिला IAS कौन थी ? ..........
10. अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की सदस्य बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........

Summer Camp for KIDS — छुपा है हर घर में हुनर, एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद। Exclusively for Class 5th - 11th. ARENA ANIMATION. Call : 88188 00 890, Link Road, Bilaspur. • Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS — ENGINEERING B Tech in: Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering. BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in: Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering. J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC: Bsc. BIOLOGY, B.COM, B.A. | PGDCA. PHARMACY: M. PHARMA, B. PHARMA, D. PHARMA. JES COLLEGE OF NURSING: B.Sc Nursing. J.K. NATIONAL SCHOOL. JES COLLEGE EDUCATION: B.ed, D.El.Ed. CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.) COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.) CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़ें किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्ठि हरिभूमि के एजेंटों/संवाददाताओं/ जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते हैं।

**विश्व महिला दिवस प्रविष्ठि**

नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........

पिता/पति का नाम :- ..........

स्थाई पता :- ..........

फोन/मो. नं. :- ..........

शैक्षणिक योग्यता :- ..........

फोटो यहां चिपकाएं

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS — ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW | COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL — Campus : Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, Mob. : 9522220113, 9516606123

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत 20 बेटियों के हाथ हुए पीले

# सात वचनों को निभाएं जीवनभर: रेणुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत विकासखंड़ मुख्यालय सोनहत के सामुदायिक भवन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें विकासखंड़ सोनहत के 20 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया।

इस अवसर पर भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह सहित क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम नव वर-वधु को खुशी, समृद्वि एवं सफल दाम्पत्य जीवन की बधाई दी। विधायक श्रीमती सिंह ने हाथ पीले हुए बेटियों से कहा कि सात वचनों को दोनों वन-वधु जीवनभर पालन करें। सुखमय जीवन तभी संभव है जब आपसी सामांजस्य एवं समजदारी से आगे बढ़े। गरीब माता-पिता को अपने बेटी की शादी करने के लिए जमीन व अन्य सामग्री गिरवी रखनी पड़ती थी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या के विवाह के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विवाह पश्चात नवदंपतियों को 21-21 हजार रुपए का चेक एवं घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इसमें 8 हजार रुपए विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन पर, 6 हजार रुपए ⏭ शेष पेज 4 पर






कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य। परिणय सूत्र में बंधे जोड़े।

## खबर संक्षेप

### नगरीय वार्डों में राशन कार्ड वितरण शिविर कल

**रायगढ़।** राशन कार्ड नवीनीकरण उपरांत नया राशन कार्ड हितग्राहियों को मिलेगा। नया राशन कार्ड वितरण के लिए 14 मार्च को सभी वार्डों में शिविर का आयोजन होगा। शिविर दो शिफ्ट में संचालित होगा। इसमें जिन वार्ड प्रभारियों के पास एक से ज्यादा वार्ड हैं। वे सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक और दोपहर 3 बजे से 5.30 तक शिविर का आयोजन वार्डों में करेंगे। सभी वार्ड प्रभारियों को समय पर शिविर लगाकर हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण करने निर्देशित किया गया है।

### सीआईएसएफ ने मनाया 55 वां स्थापना दिवस



**रायगढ़।** पुसौर के लारा में तैनात जवानों ने 55 वा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जवानों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। महाप्रबंधक अखिलेश सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। परेड का नेतृत्व निरीक्षक फायर नरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा तारीफ की गई तथा बल सदस्यों को पुरुस्कार वितरण भी किया गया। अंत मे इकाई प्रभारी देवेंद्र नाथ सिंह सिंह द्वारा सभी अतिथियों का बल सदस्यों के परिवार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। जिसमें उप निरीक्षक डै लकरा एवम उप निरीक्षक बलजीत सिंहउप निरक्षक त्रिपाठी प्रधान आरक्षक कन्हैया यादव विशेष योगदान रहा एवम अन्य बल सदस्यो की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चौपाल में रहवासियों को किया अपराधों से सजग



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के जूटमिल पुलिस द्वारा ग्राम बोदाटिकरा में पुलिस जन चौपाल लगाया गया। थाना प्रभारी द्वारा रहवासियों को सायबर क्राइम की विस्तार पूर्वक जानकारी देकर एटीएम फ्रॉड, महिला संबंधी अपराध की रोकथाम के उपाय बताए। उन्होंने क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा बिक्री तथा जुआ सट्टा पर पुलिस निगाह रखना बताए और इस अवैध कारोबार से जुड़े व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा संदिग्ध, घुमंतू तथा बाहर से आने वाले गिरोह से बचने की समझाइश देते हुए ऐसे व्यक्तियों की सूचना डॉयल 112 अथवा थाना प्रभारी जूटमिल के नंबर 9479193229 में देने कहा गया। मौके पर ही थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों की छोटी छोटी समस्याओं का निराकरण किया गया। जनचौपाल में ग्राम सरपंच, पंच, तथा महिला समूह की महिलाएं एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### जोबी कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यशाला



**रायगढ़।** साइबर और महिला संबंधी अपराधों की जानकारी और बचाव के लिए जिला पुलिस लगातार जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में आज शासकीय महाविद्यालय जोबी में एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, थाना प्रभारी खरसिया प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीमाल व चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे द्वारा छात्र छात्राओं से शिक्षा, अपराधों व समसमायिक विषयों पर चर्चा किया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को बताए कि वर्तमान समय में साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए नए तरीकों से लोगों को साइबर ठग अपना निशाना बना रहे है। इसे रोकने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। सोशल प्लेटफार्म को सावधानी व सतर्कता के साथ प्रयोग करना चाहिए।

## जशपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# जेजेएमपी का नक्सली कमांडर टुनेश छह साथियों सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने जशपुर पुलिस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि जिला पुलिस ने झारखंड के पलामू व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर इलाके में सक्रिय

- झारखंड के पलामू व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर इलाके में सक्रिय था नक्सली एरिया कमांडर

दुर्दांत नक्सली टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि को उसके छः साथियों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

झारखंड पुलिस का बेहतरीन समन्वय एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के त्वरित कार्रवाई ने झारखंड और छत्तीसगढ़ में सक्रिय झारखंड जन मुक्ति परिषद का एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि एवम उसके पांच साथियों के साथ कुल छः नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। झारखंड पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस को सूचना दी गई,कि जेजेएमपी एरिया कमांडर और दुर्दांत अपराधी टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि अपने साथियों के साथ छत्तीसगढ़ के बलरामपुर एवं जशपुर जिले में सक्रिय है। सूचना पर सरगुजा रेंज के महा निरीक्षक अंकित गर्ग ने तत्काल पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह आर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ लाल उम्मेद सिंह को सूचना से अवगत कराते हुए पुलिस टीम गठित कर संयुक्त आपरेशन चलाने का निर्देश दिया।संयुक्त टीम का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विनोद मांडवी कुनकुरी, उप निरीक्षक सुभाष कुजुर जिला बलरामपुर ने किया।पुलिस टीम द्वारा जशपुर जिले के ग्राम करमा थाना नारायणपुर एवम कुनकुरी में दबीस देकर सभी छः आरोपियों को गिरफ्तार किया।



पत्रवार्ता में गिरफ्तार नक्सली एरिया कमांडर की जानकारी देते सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग।

### आरोपियों के कब्जे से क्या- क्या हुआ बरामद

एके 47 रायफल, एक मैगजीन, जिंदा राउंड 90, एक चपड, नक्सली ड्रेस, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री।

### किसकी-किसकी हुई गिरफ्तारी

ग्राम करमा थाना नारायणपुर जिला जशपुर से निम्न नक्सली सदस्य गिरफ्तार किए गए राम लकड़ा उम्र 40 साल निवासी गढ़िया थाना भंडरिया (झारखंड) रंजित महतो उम्र 30 साल निवासी ओरगी थाना विष्णुगढ़ (झारखंड) हेरमन कुमार गन्नूम निवासी टिकटबंध थाना मुंडा चतरा (झारखंड) उपरोक्त सभी आरोपियों को संयुक्त कार्यवाही कर ग्राम करमा में पिछले एक हफ्ते से किरायेदार के रूप में रहते हुए गिरफ्तार किया गया है।एक अन्य आरोपी गुलाम सहजदा को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर कुनकुरी में दबिश देकर जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि को उसके साथी तब्बसुम अहमद के साथ मोहम्मद सद्दाम के मकान में किरायेदार के रूप में रहते थे जिन्हे संयुक्त टीम ने घेराबंदी करके गिरफ्तार किया गया है।

### कहां-कहां कितने है आरोप

तब्बासूम चोरी के आरोप में गिरफ्तार हुआ था जेल से छूटने पर कुनकुरी में आकर किराए पर त्राहता था। उसी ने टुनेश लकड़ा को गाड़ी से कुनकुरी लाया था और दोनो साथ में रहते थे। टुनेश लकड़ा के खिलाफ झारखंड के गढ़वा में 18 और बलरामपुर में 13, लुट मार, वसूली, धमकी व अन्य अपराधो में मामला दर्ज है। इस पूरी कार्यवाही में जशपुर पुलिस, बलरामपुर पुलिस और गढ़वा पुलिस का विशेष योगदान रहा। दोनो राज्यों की पुलिस के बेहतरीन समन्वय से इतनी बड़ी कार्यवाही को सफलता से पूरा किया जा सका।

### नक्सल को पनपने नहीं दिया जाएगा

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग ने कहा कि जिस जशपुर जिले को नक्सल मुक्त किया जा चुका है वहां किसी भी रूप में नक्सल को पनपने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए हमारी पुलिस टीम पूरी तरह से तैयार है। हम झारखंड पुलिस के गढ़वा पुलिस के बेहतर समन्वय के लिए धन्यवाद देते है। भविष्य में इसी तरह के सहयोग से काम करने की अपेक्षा है।

-अंकित गर्ग
पुलिस महानिरीक्षक
सरगुजा रेंज

# सड़क दुर्घटना में बीईओ सहित तीन बाबू घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनीराम भगत सहित बीईओ कार्यालय में पदस्थ बाबू हीरा लाल गोपाल,राधेश्याम व अरविंद बंजारे रायपुर से पत्थलगांव आते समय मंगलवार की रात को सिमगा के पास दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बीईओ के साथ बाबू रायपुर एक मीटिंग को अटेंड कर वापस पत्थलगांव लौट रहे थे। सिमगा के समीप एक ट्रक से उनकी कार टकरा गई जिससे सभी लोग घायल हो गए । सभी घायलों का इलाज रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर अस्पताल में चल रहा है। गनीमत रही कि सभी कार में बैठे लोगों ने सीट बेल्ट बांध रखे थे और दुर्घटना होने पर कार के एयरबैग खुल गया । इससे दुर्घटना होने पर भी जान बच गई।

- रायपुर रामकृष्ण हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती

## सड़क हादसे के दौरान दिखा यातायात पुलिस का मानवीय चेहरा

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव क्षेत्र में यातायात पुलिस की मानवता को दर्शाता हुआ एक और खबर सामने आया है यहा पदस्थ ट्रैफिक जवान लोगों की मदद करने के लिए अक्सर ही चर्चाओं में रहते हैं। हाल ही में सड़क पर पड़े घायल को उन्होंने समय रहते अस्पताल पहुंचाया है। जहां उसका इलाज चल रहा हैं. आपको बता दे की इन दिनों किलकिलेश्वर धाम में महाशिव रात्री मेला चल रहा है जिसकी वजह से पत्थलगांव किलकिला मार्ग में वाहनों की आवाजाही बढ़ गयी है साथ ही सड़क दुर्घटना के मामले भी रोजाना सामने आ रहे है एसे में यहा ड्यूटी में तैनात यातायात दल घायलों के लिए राहत के रूप में उभरकर सामने आ रहे है बुधवार को किलकिला मार्ग जियतभान लकड़ा निवासी इला बाईक सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया सड़क किनारे तडपते घायल को राहगीरों ने देखा तो तत्काल यातायात दल को इसकी सुचना दी यातायात दल के लोगो ने फ़ौरन समय न गवाते हुवे एम्बुलेंस की प्रतीक्षा करना छोड़ मौके की नजाकत को देख अपने हाथो से घायल को उठाकर पत्थलगांव सिविल अस्पताल भेजकर इलाज की व्यवस्था की बता दे की इससे पूर्व भी कई मर्तबा यातायात दल द्वारा सड़क हादसों में घायल लोगो को समय पर चिकित्सा उपलब्ध करा कर जान बचाया जा चुका है।





## कलेक्टर ने किया सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा श्रीफल एवं शाल देकर सम्मान किया गया।

विदित हो कि जल संसाधन विभाग में पदस्थ सुनील कुमार धमीजा, शिक्षा विभाग में पदस्थ सुरेन्द्रनाथ तिवारी, कृषि विभाग से राम नरेश, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.आशीष कुमार, आदिवासी विकास विभाग से कुशल नंद, गुरू घासीदास राष्टीय उद्यान से शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा पशु चिकित्सा विभाग से शिवप्रसाद 29 फरवरी को अपनी अर्द्धवार्षिकी पूरे किए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रधान पाठक सुरेन्द्रनाथ तिवारी एवं भृत्य राम नरेश को पेंशन स्वीकृति पेपर देते हुए कहा कि आप सब सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जिस तत्परता और परिश्रम से अपने विभागों में सेवा दी है, आने वाले पीढ़ियों के लिए एक सीख होगी। विदित हो कि जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए उत्कृष्ट मॉडल






**नागपुर।** 12 मार्च को संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एफएलएन का आयोजन संकुल केल्हारी में आयोजित किया गया। इसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनेन्द्रगढ़, संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक केल्हारी की उपस्थित रहे।

इसमें संकुल अंतर्गत समस्त प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला के बच्चों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और शिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को बखूबी निखारने का प्रयास किया। क्रार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक शाला के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड, प्रमाण पत्र वितरित किया गया, साथ ही सहभागी सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया। संकुल की ओर से एक बेहतर प्रदर्शन का आयोजन कर सभी छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी उत्साहित करने की सराहनीय पहल की गई। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक केल्हारी प्रेमनारायण यादव ने किया। सहयोगी लुकस कुजूर, दीपक पटेल, प्रदीप सिंह, रामबदन पटेल, मोहम्मद शाहिद अंसारी, मनोहर सिंह, राजकुमार सिंह राजपूत, कार्तिक साहू, संतोष यादव, नुमेश जायसवाल, दीपक वर्मा, श्रीमती अरूणा साहू, श्रीमती इलिसबा एक्का, श्रीमती मनीषा साहू, श्रीमती रामकली नापित एवं संकुल की पूरी टीम उपस्थित रही।

### विज्ञान प्रदर्शनी के तहत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता

**नागपुर।** विज्ञान प्रदर्शनी एफएलएन अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 मार्च को किया गया। इसमें प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय उनके द्वारा बनाए गए मॉडल उसके थीम एवं वर्गीकरण के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा चयन किया गया, साथ ही सम्मिलित प्रत्येक बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल, श्रद्धेय सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पाण्डेय, श्रद्धेय खंड श्रोत केन्द्र समन्वयक अजय राय, प्राचार्य कलीराम श्रीवास, श्रीमती वीरांगना श्रीवास्तव , श्री वर्मा, कंचन सिंह सहित नई लेदरी के समस्त स्टॉफ का योगदान प्राप्त हुआ।

### मूल्यांकन परीक्षा 17 को

**बैकुण्ठपुर।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्टीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर आयोजित राष्टव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 17 मार्च को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे को समय दिया जाएगा। परीक्षा में ऐसे विद्यार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना लिखना अभियान के अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केन्द्र में पढ़ाई किए हो अथवा जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं। पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार आकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थी की सूची तैयार की जाए, इसके बाद संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान में मतदाताओं के शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने दिव्यांग, कोल श्रमिक, थर्ड जेंडर, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों आदि मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर है, समन्वयक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बैकुंठपुर को पीडब्यूडीएस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारी के रूप में जिला परियोजना अधिकारी है, तो उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, सहायक संचालक, जनसंपर्क, नेहरू युवा केन्द्र, राष्टीय सेवा योजना, एनसीसी, महाविद्यालय के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड़ परियोजना अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कार्यपालन अभियंता व अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण, विधानसभा स्वीप नोडल अधिकारी बैकुंठपुर एवं सोनहत को सदस्य बनाया गया, तो जिले के चारों तहसीलदारों को स्वीप नोडल नियुक्त किया गया है। आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं के सहभागिता बढ़ाने एवं जागरूकता के कार्य योजना की समीक्षा 14 मार्च सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपरोक्त अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है।

# जिला बाल संरक्षण इकाई ने रोका बाल विवाह

**बैकुण्ठपुर।** जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को 10 मार्च को सोनहत एवं 11 मार्च को बैकुंठपुर में बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा स्थल पर पहुंच कर विवाह के संबंध में जांच की गई। जांच में बालिका की उम्र 17 वर्ष पाई गई है, जो कि बाल विवाह की श्रेणी में आता है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा समझाइश देकर निर्धारित वर्ष पूर्ण होने तक विवाह न करने के लिए प्रतिबद्ध कराया गया। सभी परिवारजन ने अपनी सहमति जताई एवं विश्वास दिलाया कि जब तक बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण नहीं होगी, तब तक विवाह नहीं करेंगे। इस संबंध में माता-पिता एवं परिवारजन की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया। संयुक्त टीम में परियोजना अधिकारी श्रीमती शशि जायसवाल, पर्यवेक्षक श्रीमती प्रभा लकड़ा, श्रीमती पुष्पा पटेल, जिला बाल संरक्षण इकाई से संजीव कुमार साहू आउटरीच वर्कर, चाईल्ड लाईन टीम एवं विशेष किशोर पुलिस ईकाई के सहयोग से बाल विवाह रोके जाने में सफलता प्राप्त की।



## खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग नियमानुसार जिले के विकास के लिए किया जाएगा

# कलेक्टोरेट सारंगढ़ में डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक

**सारंगढ़।** जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद गुहाराम अजगल्ले, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी जांगड़े, विधायक बिलाईगढ़ श्रीमती कविता प्राण लहरे, रायगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, वन मण्डलाधिकारी गणेश यू आर, अपर कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने राशि का उपयोग शिक्षाए स्वास्थ्य एवं सिंचाई के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया गया।

बैठक में सांसद उपस्थित विधायकों के साथ जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने भी आवश्यक सुझाव दिए। कलेक्टर साहू ने कहा कि बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के सुझाव को अमल में लाते हुए जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग नियमानुसार जिले के विकास के लिए किया जायेगा। बैठक में खनिज न्यास की नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका वर्मा ने बताया कि जिला खजिन संस्थान न्यास के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं। इसके अतंर्गत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपायए स्वास्थ्य देख भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत जीविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यो के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वालें क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जाएगा।




# मजदूरी देने के बजाय किया प्रताड़ित ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

**रायगढ़।** रांची में अच्छी मजदूरी देने का लालच देकर एक ठेकेदार ने पहले तो मजदूरों को रांची बुलाया, बाद में उनके साथ अमानवीय कृत्य करते हुए उन्हें बंधक बनाकर रखा और उसके बाद जब कोविड 19 संक्रमण के दौर में जब मजदूर वहां से मौका पाकर भाग कर किसी तरह अपने घर लौट आए तो मजदूरों को उनकी मेहनाता भी ठेकेदार द्वारा नहीं दी गई। इसी की शिकायत मजदूरों ने सारंगढ़ कलेक्टर व एसपी से लिखित रूप से करते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की गई।

इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि वर्ष 2020 में अमरु खान नामक व्यक्ति उनके गांव में आया और ईटा भट्ठा में अच्छी मजदूरी देने की बात कहते हुए झारखड़ की रांची बुलाया व प्रतिदिन 650 रूपए मजदूरी भुगतान करने की बात कही। ऐसे में बेहतर मेहनाता की आस लिए वे सभी रांची चले गए। वहां पहुंचने के बाद ठेकेदार अमरू खान द्वारा झोपडी में रहने के लिये उन्हें जगह दी गई। झोपड़ी में रहकर वे करीब दो माह तक मजदूरी किए, जिसके बाद कोविड 19 संक्रमण के कारण लॉक डाउन लग गया और उनका काम बंद हो गया। ऐसे में उन्होंने ठेकेदार को वापस घर जाने कही और मजदूरी भुगतान करने की मांग की।

**खास बात**
- सारंगढ़ कलेक्टर व एसपी को मजदूरों ने बताई आपबीती, सौंपा शिकायत पत्र

## खबर संक्षेप



### 50 महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया मध्यप्रदेश

**बैकुण्ठपुर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत जिले की महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। विदित हो कि विकासखंड़ बैकुंठपुर और सोनहत की कुल 50 महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए डिंडोरी मध्यप्रदेश ले जाया गया है। डिंडोरी के समूहों द्वारा उच्च गुणवत्ता के साथ पापड़, कोदो और कुटकी से बनने वाले मिलेट्स कुकीज और नमकीन आदि का उत्पादन किया जा रहा है, जिसके प्रशिक्षण के लिए जिले के विभिन्न समूहों की महिलाओं को भेजा गया है ,ताकि प्रशिक्षण लेकर वे भी यहां आकर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कर सकें। कलेक्टर श्री लंगेह 13 मार्च को हरीझंडी दिखाकर बस को रवाना किए, साथ ही सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी और विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

### नन्हें-मुन्हें बच्चों ने बिखेरी अपनी कला



**मनेन्द्रगढ़।** सिर्फ तीन, चार, पांच एवं छः वर्ष के नन्हें-मुन्हें नौनिहाल के ऐसे करतब या कला की ऐसी विधाओं का प्रदर्शन की सामने वाला यह फर्क ही ना कर सके कि ये छोटे-छोटे नन्हें-मुन्हें बच्चे हैं या मजे हुए परिपक्व कलाकार। मौका था मनेन्द्रगढ़ स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में किंडरगार्टन से दीक्षित होकर वर्ग प्रथम में जाने वाले नन्हें-मुन्हें नौनिहालों के लिए दीक्षांत समारोह यानी कॉन्वोकेशन डे के आयोजन का। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि एडिशनल जज आनंद दीक्षित उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय के प्ले ग्रुप, नर्सरी, केजी प्रथम, केजी द्वितीय के नन्हें, मुन्हें बच्चों ने ऐसा शमां बांधा की दर्शकदीर्घा में उपस्थित अभिभावक सहित अन्य अतिथि, हर कोई पूरी शाम अपलक गुजारने को मजबूर हो गया। उदाहरण स्वरूप पंजाबी किरदार के रूप में कर्मन सिंह चावला ने मुख्य अतिथि तक को भांगड़ा करने पर मजबूर किया, तथा नन्हें छात्र मो. अल्तमश ने भारतीय सिने कलाकार शाहरुख खान के किरदार से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

### सिटी कोतवाली के प्रभारी बनें विपिन

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से तीन निरीक्षक, पांच उप निरीक्षक तथा दो सहायक उप निरीक्षकों का जिले में स्थानांतरण किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने अपने हस्ताक्षर से जारी आदेश में रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में पदस्थ निरीक्षक विपिन कुमार लकड़ा रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी बैकुंठपुर, निरीक्षक हेमंत कुमार अग्रवाल रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर से थाना प्रभारी सोनहत, निरीक्षक विशाल कुजूर थाना प्रभारी बैकुंठपुर से प्रभारी जिला विशेष शाखा में नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। वहीं रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में पदस्थ उप निरीक्षक आनंद सोनी को रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर से थाना पटना साथ-साथ पुलिस सहायता केन्द्र पण्डोपारा एवं कटकोना का अतिरिक्त प्रभार दिया है। वहीं सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण राजवाडे को थाना बैकुंठपुर से थाना चरचा, सहायक उप निरीक्षक हीरालाल कुजूर थाना चरचा कॉलरी से रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर पदस्थ करने का नवीन आदेश जारी किया। उल्लेखनीय है कि जारी आदेश में सहायक उप निरीक्षक हीरालाल कुजूर को ही थाना चरचा कॉलरी से रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया, जबकि ज्यादातर अधिकारियों को रक्षित केन्द्र से थाना व अन्य जगह पर भेजने का आदेश जारी किया गया।

### देवेन्द्र बने जय बजरंग सेना के प्रदेश संरक्षक

**बैकुण्ठपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाली राष्टीय संस्था जय बजरंग सेना के प्रदेश संरक्षक नियुक्त किए गए। जय बंजरग हिंदू फाउंडेशन राष्टीय कार्यालय मुंबई जय बजरंग सेना के राष्टीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव राजवाड़े की अनुशंसा से श्री तिवारी की नियुक्ति की है। जय बंजरग सेना सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए सक्रिय है तथा भारत देश को सशक्त करने एवं हिंदू समाज को संगठित बनाने के लिए संगठन कृत संकल्पित है। संगठन की नीतियों को जन -जन तक पहुंचाने के लिए सभी पदाधिकारी निरंतर कार्य करते रहेंगे एवं मजबूत संगठन के माध्यम से अपने समाज, राष्ट एवं प्रदेश को शक्तिशाली बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर प्रदेशध्यक्ष सुखदेव राजवाड़े ने कहा कि निश्चित ही प्रदेश संरक्षक के रुप में देवेन्द्र तिवारी की नियुक्ति से संगठन के कार्यों को गति मिलेगी।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा बैठक

# आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का कड़ाई से करें पालन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने जन शिकायतों, जन समस्याओं, मांगों आदि के निराकरण की विभागवार समीक्षा की और जिला अधिकारियों को कलेक्टर कार्यालय, पीएमओ पोर्टल, मुख्यमंत्री जन चौपाल एवं मुख्यमंत्री जन शिकायतों की जांच करने और त्वरित गति से उनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

**खास बात**
- जनसमस्या शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

समीक्षा के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में प्रगति लाने, राशन कार्डो का नवीनीकरण, स्वामित्व योजना में प्रगति लाने संबंधित निर्देश अधिकारियों को दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जाने पश्चात आदर्श आचार संहिता संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा। विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे। शासकीय कर्मचारियों को निर्वाचन में बिल्कुल निष्पक्ष रहना चाहिए, जिससे जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास हो। शासकीय कर्मचारी किसी भी प्रकार के निर्वाचन अभियान या प्रचार में भाग न ले। आदर्श आचार संहिता जिस दिन से लागू होती है,उस दिन से सभी अधिकारी -कर्मचारी निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और उसी के अनुरूप सभी को आचरण रखना है तथा दिए गए निर्देशों का पालन करना है। निष्पक्ष रहना है निष्पक्ष दिखना भी है। उन्होंने विभिन्न विभागों को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सरकारी संपत्तियों, सार्वजनिक तथा निजी संपत्तियों जैसे वृक्ष, बिजली के खम्बे, पुलिया, पाइप लाइन, समस्त प्रकार के प्रचार-प्रसार हटाए जाने के निर्देश देते हुए उनके द्वारा किए गए कार्रवाई की जानकारी निर्वाचन शाखा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए शासकीय संपत्तियों का उपयोग नहीं होना चाहिए। निजी संपत्तियों के उपयोग के लिए संपत्ति धारक से पूर्व अनुमति जरूरी होगी। उन्होंने समय-सीमा के भीतर संपत्ति विरूपण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण, सरकारी वाहनों की वापसी, जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत, प्रारंभ-अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कोई जनकल्याणकारी कार्य नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण, नियुक्तियां तथा पदोन्नतियां स्थगित रहेगी। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, डीएफओ एलएन पटेल, एसडीएम लिंगराज सिदार, विजयेन्द्र सारथी, डिप्टी कलेक्टर प्रितेश राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, जिला खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर एवं सर्व तहसीलदार, सर्व जनपद सीईओ, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।



विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर डी राहुल वेंकट।

## निर्माण कार्यों का समय पर मूल्यांकन करें उपयंत्री: सीईओ

**बैकुण्ठपुर।** जिले में कराए जा रहे प्रत्येक ग्रामीण अधोसंरचनाओं के विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कार्यों का समय पर मूल्यांकन करें। ग्रामीण विकास विभाग के उपयंत्रियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधो संरचनाओं के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, इन सभी के गुणवत्ता पूर्ण निर्माण की जिम्मेदारी आपकी है। किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता से समझौता ना करें और निर्माण एजेंसी पर निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य यदि कम गुणवत्ता का होगा तो उसका वास्तविक लाभ कभी भी ग्रामीण जनों को नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ सभी अपने क्षेत्रों में कार्य करें और संवेदनशील होकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ व्यवहार करें। कोई भी निर्माण एजेंसी किसी भी कार्य के लिए परेशान ना हो, इसका भी ध्यान रखें। जिला पंचायत सीइओ ने मंगलवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा कराए जा रहे समस्त कार्यों की प्रगति का आंकलन किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। समीक्षा बैठक में उन्होंने ग्राम पंचायत वार स्वीकृत



और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि बीते वर्षों में स्वीकृत हुए सभी प्रगतिरण कार्यों को आगामी 31 मार्च के पूर्व पूर्ण कराने के लिए प्रयास करें। साथ ही जिन कार्यों में राशि आहरण के बाद भी निर्माण एजेंसी द्वारा तय समय-सीमा में कार्य नहीं कराया गया है, ऐसे सभी प्रकरणों को वसूली का प्रकरण चलाने के लिए जनपद पंचायत स्तर पर पत्राचार करें। उन्होंने कहा कि कई छोटे कार्य जो अप्रारंभ हैं, उन सभी को सूचीबद्ध करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी से बात करें और यदि उन्हें माह के अंत तक पूरा कराया जा सकता है तो कल से ही कार्य आरंभ कराएं। सीइओ ने कहा कि निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता के मानक के संबंध में पूर्व से ही अवगत करा दें और प्रत्येक चरण में कार्य स्थल पर जाकर स्वयं अवलोकन करें और तकनीकी मार्गदर्शन दें, जिससे सभी अधोसंरचना के कार्य पूरी तरह से उपयोगी साबित हो सकें, इसके बाद उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के दोनों एसडीओ को भी ग्राम पंचायतों के सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आभाष सिन्हा सहित आरइएस के सभी सब इंजीनियर उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खडगवां

बुजुर्ग महिला के हत्या के मामले में दो आरोपियों को खड़गवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोड़ागी प्रार्थी लाल साय पिता स्व. बनई जाति बैगा उम्र 60 वर्ष निवासी धनपुर बैगापारा ने 9 मार्च को मर्ग इंटीमेशन कराया था कि इसकी मौसी मां सुमरिया 8 मार्च को शाम 5 बजे घर से चली गई थी, जिसका शव 9 मार्च को घर के पीछे तालाब में मिली है, जिसकी सूचना पर शव तालाब निकालने पर पाया गया कि मृतिका का हत्या कर चेहरा सिर, गला को साल गमच्छा में बांध कर अज्ञात आरोपियों द्वारा तालाब में फेंका गया है। मृतिका का पीएम कराया गया, पीएम रिपोर्ट पर डॉक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु को होमोसाईडल हत्या बताया गया, इस पर मर्ग जांच पर से अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्रमोहन सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के नेतृत्व में थाना प्रभारी खड़गवां आरएन गुप्ता द्वारा टीम बनाकर संदेहियों से पूछताछ करने पर मामले का खुलासा हुआ कि लालसाय और नईहर के द्वारा मिलकर बुजुर्ग की हत्या की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी खड़गवां आरएन गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक सुखलाल खलखो, रविन्द्र कुर्रे, प्रधान आरक्षक रमेश पांडेय, आरक्षक रवि शर्मा, दिनेश साहू, विनोद सिंह, रामकिशन सिंह, सैनिक विनय श्याम एवं प्रमोद साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़े भक्त

**मनेन्द्रगढ़।** वन विभाग डिपो, आवासीय परिसर चनवारीडांड़, मनेन्द्रगढ़ में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने विधि-विधान से संपन्न करवाई।

**खास बात**
- तीन दिनों तक चले उत्सव में सभी ने निभाई सहभागिता

नियत कार्यक्रम के अनुसार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 11 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रातः 9 बजे सिद्धबाबा मंदिर से शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के उपरांत पंचाग पूजन, आचार्य वरण, अन्नाधिवास, वेदी पूजन का अनुष्ठान हुआ। आयोजन के दूसरे दिन 12 मार्च जलाधिवास, पुष्पाधिवास, वेदी पूजन व हवनकुंड निर्माण किया गया। आयोजन के अंतिम दिन 13 मार्च को प्रातः 7 बजे से प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं दोपहर 2 बजे से भोग प्रसाद का वितरण, पूणार्हूति, गौ दान किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के श्रद्धालु काफी संख्या में मौजूद रहे। देर शाम तक भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया, जहां काफी संख्या में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में समस्त शिवभक्त वन विभाग परिवार, वनमंडल मनेन्द्रगढ़ का सराहनीय योगदान देने के लिए आयोजन समिति के राम सागर कुर्रे ने आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान विभिन्न मानस मंडलियों ने मानस गायन एवं भजन-गायन किया।





## 9 बोरी कोयले के साथ बाइक व साइकल जब्त

**बैकुण्ठपुर।** अवैध कोयला तस्करी मामले में कोरिया पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत बीते 12 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम शिवपुर थाना चरचा में अवैध कोयला तस्करी की कोशिश की जा रही है। वहीं दूसरी ओर थाना पटना अंतर्गत भी तस्करी की सूचना प्राप्त हुई। सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार को अवगत कराया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया के मार्गदर्शन में थाना चरचा एवं पटना की ग्राम घटना स्थलों के लिए रवाना किया गया। पतासाजी के दौरान थाना चरचा के ग्राम शिवपुर के जंगल किनारे बांसबाड़ी में तस्करी करने के लिए 15 बोरी एवं ट्रेन लोडिंग सीएचएल में 17 बोरी इसी प्रकार थाना पटना के ग्राम टेंगनी में 5 बोरी कोयला जूट बोरे में लावारिस हालत में मिला। कोयले से भरी 37 बोरी के एक बोरी का वजन करीब 50 किलो रहा, जिसका कुल वजन करीब 1850 किलो को जब्त किया गया। पुलिस की टीम द्वारा उक्त लावारिस हालत में रखे कोयले को धारा 102 सीआरपीसी के तहत स्वतंत्र गवाहों के समक्ष कार्रवाई कर घटना स्थल से बरामद किया गया है एवं कोयला तस्करों की निरंतर पतासाजी की जा रही है।

**खास बात**
- पटना एवं चरचा अंतर्गत 37 बोरियों में लावारिस कोयला बरामद



जब्त कोयला ।

### 3 प्रकरण में 4 आरोपी कोयला तस्करी करते गिरफ्तार

13 मार्च को थाना पटना अंतर्गत 3 आरोपी अवैध कोयला खदान से कोयला को अंगा-पूटा बेचने के लिए सायकिल में ले जा रहे थे, इसमें अवधेश कुमार आत्मज रामप्रसाद उम्र 27 वर्ष, शोभित आत्मज कमला प्रसाद उम्र 30 वर्ष, संजय आत्मज रामझूठन उम्र 23 वर्ष तीनों आरोपियों को 3 साइकिल में 2-2 बोरी के कुल 6 बोरी जब्त किया गया। इसी प्रकार मोटर सायकिल में 3 बोरी कोयला ले जा रहे गणेश सिंह आत्मज रामनारायण तिवारी निवासी मुरमा जो कि हथवार के रास्ते ग्राम डबरीपारा बेचने के लिए ले जा रहा था, जिसे अंडर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 41 (1) (4) एवं 379 भादवि के तहत कार्रवाई की गई है।

### डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल पिपरिया डॉ. विनोद कुमार पाण्डेय, पर्यावरण कार्यकर्ता सतीश द्विवेदी एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती आशा वर्मा उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश शर्मा के द्वारा अतिथियों को पौधा भेटकर स्वागत किया गया। सतीश द्विवेदी ने पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान देकर छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। साथ ही डॉ. विनोद कुमार पाण्डेय के द्वारा पुरातत्व एवं कोरिया रियासत के इतिहास से छात्र एवं छात्राओं को रू-ब-रू कराया गया।




## पेज 1 का शेष

### जिला अस्पताल में ...

परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मनेन्द्रगढ़ से एक निश्चेतना चिकित्सक को बुलाना पड़ता था, वहीं आपात स्थिति में मरीजों एवं उनके परिजनों को भारी परेशानी होती थी। साथ ही निश्चेतना चिकित्सक के स्थाई रूप से पदस्थ नहीं होने के कारण आपात स्थिति में कई मामले को दूसरे जगह रिफर कर दिया जाता था, साथ ही जिला अस्पताल में नियमित आपरेशन भी नहीं हो पाती थी। इस तरह की परेशानी को देखते हुए जिला चिकित्सालय में स्थाई निश्चेतना चिकित्सक की मांग उठती रही और लंबे अरसे के बाद जिला चिकित्सालय में अब जाकर स्थाई निश्चेतना चिकित्सक की नियुक्ति हो पाई, जिससे कि जिला अस्पताल में अब नियमित रूप से कई सर्जरी आपरेशन किए जा रहे हैं।

### सात वचनों को निभाएं ...


मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री चुनरी, साफा, 21 हजार रुपए वधू को ड्रॉफ्ट या बैंक खाते के माध्यम से भुगतान तथा 15 हजार रुपए अन्य उपहार सामग्री के लिए दिए जाते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत सोनहत की अध्यक्ष श्रीमती लल्ली सिंह, उपाध्यक्ष गुलाब चौधरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी मनोज खलखों, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रीमती शशि जायसवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित विवाहित नव दाम्पत्य परिवार उपस्थित रहे।

### विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन

**सोनहत।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में 12 से 18 मार्च तक ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 40 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों की जांच की जाएगी। जिनकों सिरदर्द हो, आंखों में दर्द हो, पास की नजर कमजोर हो, चश्मा नंबर बार-बार बदलता हो, लाइट के चारों ओर घेरा या इंद्रधनुषी रंग दिखाई देता हो, तथा हमेशा आंखें लाल रहती हो वो व्यक्ति अपनी आंखों की जांच अवश्य करवाएं, ताकि समय रहते ग्लूकोमा का पता लगाया जा सके और उसकी आंखों की रोशनी बचाई जा सके। जिन व्यक्तियों को चश्मा लगाता हो, पढ़ाई लिखाई का काम करता हो एवं चश्मा खरीदने में असमर्थ हो, उसके लिए निःशुल्क चश्मा जिला अंधत्व नियंत्रण समिति कोरिया के सौजन्य से प्रदाय किया जाएगा।





# सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पोस्टर को 'टाइम्स स्क्वायर' पर मिली जगह

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर फिल्म 'योद्धा' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी राशि खन्ना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। ताजा खबर यह है कि 'योद्धा' के मोशन पोस्टर को आज यानी 11 मार्च को न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर बिलबोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है। 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में दिशा पाटनी भी हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने संभाली है।

## लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज 'सिटाडेल' में आएंगी नजर

सामंथा रुथ प्रभु ने पिछले साल एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था उन्हें आखिरी बार फिल्म 'कुशी' में देखा गया था। साउथ से बॉलीवुड तक अपना जलवा दिखा चुकीं एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने वासपी कर ली हैं और एक हेल्थ पॉडकास्ट पर काम करना शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु की फिल्मों की बात करें तो वह सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय वर्जन में दिखाई देंगी, जिसमें वरुण धवन है। सामंथा और वरुण धवन की वेब सीरीज 'सिटाडेल' प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी सीरीज है। एक्ट्रेस सामंथा ने कहा कि अब वह ट्रोलिंग और आलोचना के बीच अंतर करने में सक्षम हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'मैं लोगों की आलोचना के लिए अपनी आंखें और कान खुले रखती हूं जो मुझे लगता है कि एक स्टार और एक इंसान के रूप में मेरे लिए बहुत जरूरी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक साल तक काम न करने के बारे में खुलासा किया कि वह इन दिनों मायोसिटिस नाम की बीमारी से जूझ रहीं हैं।

मायोसिटिस डायग्नोसिस के चलते होने वाले दर्द के बावजूद फिटनेस रुटीन से कॉम्प्रोमाइज नहीं कर पा रही थी। 'ईगा' फेम एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगे कहा, 'कभी-कभी एक एक्ट्रेस होने के नाते आपकी दुनिया बहुत छोटी और सीमित हो जाती है। आपके आस-पास 'हां' कहने वाले लोगों का एक ग्रुप होता है जो आमतौर पर आपको अपने मन की बात नहीं बताते हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# जहरीले कीड़े के छूने से हार्टअटैक

**लॉस एंजिलस।** हाल ही में एक फेमस एक्टर को लेकर ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। आखिर वो खबर ही ऐसी है। दरअसल 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' के एक्टर जेमी डॉर्नन पुर्तगाल ट्रिप पर थे और इस दौरान उन्हें एक कीड़े के छूने की वजह से हार्ट अटैक आ गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा है। जेमी डॉर्नन के दोस्त गॉर्डन स्मार्ट ने इस पूरे घटना के बारे में एक इटंरव्यू में बात की और बताया कि वो और जेमी दोनों पुर्तगाल के गोल्फिंग रिसॉर्ट में छुट्टियां मना रहे थे।




# टूट गया 87 साल पुराना रिकॉर्ड, 22 साल की सिंगर ने रचा नया इतिहास

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर 2024 में मोस्ट पॉपुलर सिंगर बिली इलिश को 'बार्बी' के 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ओरिजनल सॉन्ग कैटेगरी में अवॉर्ड जीता है। 22 साल की इलिश ने ऑस्कर 2024 में दूसरी बार ऑस्कर जीतकर एकेडमी अवॉड्र्स का 87 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ ऑस्कर में सबसे कम उम्र के दो बार विजेता बनकर नया इतिहास रच दिया। वहीं बिली के साथ सिंगर फिनीस को 'बार्बी' के 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ओरिजनल सॉन्ग के लिए अवॉर्ड मिला है। 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बार्बी' का ओरिजनल साउंडट्रैक था। बता दें कि बिली इलिश ने इससे पहले डेनियल क्रेग अभिनीत 'जेम्स बॉन्ड' फिल्म में 'नो टाइम टू डाई' के लिए 2021 में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के लिए ऑस्कर जीता था। इसके साथ ही बिली ने 22 साल की सबसे कम उम्र में दो बार ऑस्कर विजेता बनकर इतिहास रच दिया और लुइस रेनर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।



# वकील बन खोलेंगी बिहार परीक्षा की पोल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की फिल्म 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बिहार के एक परीक्षा के मार्कशीट में एक छात्रा के साथ झोलझाल होता है, जिसके लिए रवीना टंडन केस लड़ती है। बता दें कि 'पटना शुक्ला' अरबाज खान के प्रोडक्शन में बन रही है। इस फिल्म में रवीना टंडन, के साथ सतीश कौशिक, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी, मानव विज, और अनुष्का कौशिक नजर आने वाले हैं। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर 29 मार्च को रिलीज होगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि रवीना एक हाउसवाइफ के साथ ही साथ वकील भी हैं लेकिन कभी उन्हें कोई बड़ा केस नहीं मिला जिसमें वह खुद की वकालत को साबित कर पाए।




# 'बोगस फोन ऑपरेटर्स' अवैध कॉल सेंटरों की कहानी

**मुंबई।** आगामी स्ट्रीमिंग डॉक्यूमेंट्री 'बोगस फोन ऑपरेटर्स' भारत के सबसे बड़े कॉल सेंटर घोटालों में से एक को उजागर करती है। डॉक्यूमेंट्री 'ठाणे कॉल सेंटर स्कैम' भारत से संचालित होने वाले आपराधिक नेटवर्क के पीछे की कहानी बताती जो भारत में बैठकर अमेरिकी नागरिकों को ठगता है। महाराष्ट्र के ठाणे में 600 भ्रामक कॉल सेंटर कर्मचारियों के एक समूह ने कथित तौर पर 15,000 से अधिक अमेरिकियों के साथ 50 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। डॉक्यूमेंट्री इस घोटाले की गहन खोज करती है। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सत्य प्रकाश उपाध्याय ने किया है। यह इन्वेस्टिगेटिव क्राइम डॉक्यूमेंट्री ओटीटी प्लेटफॉर्म, डॉक्यूबे पर स्ट्रीम हो रही है।

## टीवी मसाला



# 'श्रीमद रामायण' में सुग्रीव-बाली दोनों का किरदार निभाएंगे मल्हार पंड्या

**मुंबई।** टीवी शो 'श्रीमद रामायण' लगातार बेहतरीन टीआरपी के साथ लोगों का दिल जीत रहा है। शो में भगवान श्रीराम की कथा दिखाई जा रही है। जिसमें अब 'तेरे इश्क में घायल' शो के एक्टर मल्हार पंड्या की एंट्री होने जा रही है। वह इस शो में सुग्रीव और बाली दोनों की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस शो में सुजय रेउ भगवान राम और प्राची बंसल सीता की भूमिका निभा रही हैं।

### दोनों भूमिकाएं विपरीत, फिर भी उत्साहित : मल्हार

इस किरदार को निभाने पर मल्हार ने कहा, मैं जुड़वा बच्चों, सुग्रीव और बाली की भूमिका निभाने का अवसर पाकर बेहद एक्साइटेड हूं और यह दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे के विपरीत हैं। बाली ने किष्किंधा राज्य पर शासन किया था और उसकी प्रजा वानर थी लेकिन बाद में वह कट्टर दुश्मन बन गए। हालांकि सुग्रीव ने विनम्रतापूर्वक समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाली ने उसकी बात नहीं मानी और सुग्रीव को राज्य से निकाल दिया गया। अपना प्रतिशोध लेने के लिए, बाली ने सुग्रीव की पत्नी रूमा को जबरन अपने पास रख लिया।

### पहले निभा चुके हैं हनुमान की भूमिका

मल्हार इससे पहले 'रामायणः सबके जीवन का आधार' में भगवान हनुमान की भूमिका निभा चुके हैं। इसलिए उन्हें यह भूमिका परिचित लगती है। उन्होंने कहा, मैंने पहले वानर हनुमान का किरदार निभाया था, सुग्रीव और बाली दिखने और प्रदर्शन में काफी समान हैं। इसलिए मैं नए प्रोजेक्ट से भी खुश हूं, मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

### इन शोज में कर चुके हैं काम

बता दें कि मल्हार इससे पहले भी पौराणिक शो 'राधाकृष्ण' में कर्ण, 'सूर्यपुत्र कर्ण' में बलराम का किरदार निभा चुके हैं। जिसके कारण उन्हें इस तरह के अभिनय का भी पूरा ज्ञान है। इसके अलावा मल्हार ने 'इश्कबाज', 'नागिन 2', 'कसम तेरे प्यार की' और 'नजर' में भी काम किया है।

# 'लाहौर 1947' में एक साथ दिखेगी बाप-बेटे की जोड़ी

**मुंबई।** साल 2024 के शुरुआत में ही अब तक की कई मोस्ट अवेटेड फिल्मों की अनाउंसमेंट हो गई है। इसी बीच आमिर खान प्रोडक्शन और राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'लाहौर 1947' इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे वहीं अब उनके बेटे करण देओल की भी एंट्री हो गई है। आमिर खान ने खुद इसकी पुष्टि कर दी है। करण फिल्म में जावेद का किरदार निभाएंगे। ये पहली बार होगा जब बाप-बेटे की ये जोड़ी एक साथ पर्दे पर नजर आएगी। 'लाहौर 1947' में सनी देओल और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में हैं। इस पीरियड-ड्रामा फिल्म को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे है, वहीं राजकुमार संतोषी इसका डायरेक्शन कर रहे हैं। फिल्म में शबाना आजमी, अभिमन्यु सिंह और अली फजल भी नजर आएंगे। रिपोर्टस के मुताबिक फिल्म की शूटिंग अगले कुछ महीनों में शुरू होगी। ये फिल्म आमिर खान फिल्म्स प्रोडक्शन के तहत बन रही है।

### आमिर ने की करण की तारीफ


हाल ही में आमिर ने एक बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि करण देओल ने जावेद की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इतनी अच्छी तरह से टेस्ट दिया। जावेद कहानी का अच्छा पार्ट है, ये फिल्म में चैलेंजिंग हिस्सा है... और मुझे यकीन है कि राज संतोषी के डायरेक्श में, करण इसे अच्छे से निभाएंगे।



# बेहद कम समय में हुई इन फिल्मों की शूटिंग

## कुछ रहीं सफल, कुछ फ्लाप

**मुंबई।** हर हफ्ते सिनेमाघरों और ओटीटी पर नई फिल्में दस्तक देती हैं। इन फिल्मों को दर्शकों के बीच आने से पहले कई पड़ाव पार करने पड़ते हैं, जिसके चलते इन्हें पूरा करने में समय लग जाता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें बनाने में वर्षों या महीने लग गए तो कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिनकी शूटिंग कुछ दिनों के भीतर ही पूरी हो गई। आइए आज कम समय में शूट होने वाले फिल्मों के बारे में जानते हैं।



### 19 और 16 दिनों में बनी 'धमाका' और 'हरामखोर'

इस सूची में पहला नाम कार्तिक आर्यन की फिल्म 'धमाका' का है, जो कोराना वायरस के दौरान सीमित टीम के साथ 10 दिन में शूट हुई थी। राम माधवानी की ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर आई थी, जिसे लोगों ने पसंद किया था। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और श्वेता त्रिपाठी की फिल्म 'हरामखोर' में एक शिक्षक और छात्रा की प्रेम कहानी दिखाई है, जिसे फिल्माने में 16 दिन का समय लगा था।

### 'हाउसफुल 3' और 'की एंड का'

अक्षय कुमार, रितेश देखमुख और अभिषेक बच्चन की फिल्म 'हाउसफुल 3' की शूटिंग महज 38 दिन में पूरी हो गई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 110 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। करीना कपूर और अर्जुन कपूर की फिल्म 'की एंड का' में दिखाया था कि पति घर संभालता है और पत्नी नौकरी करती है। 45 दिनों में बनी इस फिल्म ने 50 करोड़ रुपये के साथ ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था। ये दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

# 'रॉकेट्री' से 'क्वीन' तक, घर बैठे ओटीटी पर देखिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकीं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर आप फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ अच्छा देखने की तलाश कर रहे हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। आज हम आपके लिए कुछ ऐसी शानदार फिल्मों की सूची लेकर आए हैं, जिन्हें मनोरंजन जगत के सबसे सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इन फिल्मों का लुत्फ आप घर बैठे ही ओटीटी पर अपने परिवार के साथ उठा सकते हैं।



### 'रॉकेट्री' और 'जूनियर तुलसीदास'

आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्री':'द नांबी इफेक्ट' इसरो के वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर नांबी नारायणन की जिंदगी पर आधारित हैं। इसे सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है और यह अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद फिल्म 'जूनियर तुलसीदास' ने सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का खिताब जीता था। यह फिल्म स्नूकर खेलने वाले तुलसीदास (राजीव कपूर) की है, जो चैंपियनशिप में हार जाता है। इसके बाद उसका बेटा जूनियर तुलसीदास (वरुण बुद्धदेव) बनकर स्नूकर खेलता है।

### 'छिछोरे' और 'बाहुबली 2'

नीतिश तिवारी की फिल्म 'छिछोरे' पढ़ाई और करियर के दबाव से जूझ रहे लोगों की कहानी कहती हैं। इसमें सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और ताहिर राज भसीन जैसे सितारे शामिल थे। डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद यह फिल्म 67वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी थी। एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2: द कॉन्क्लूजन' को सबसे लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार मिला था। इसमें प्रभास और अनुष्का शेट्टी शामिल थे। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है।



### 'बधाई हो' और 'अंधाधुन'

आयुष्मान खुराना की 2018 में 2 फिल्में, 'बधाई हो' और 'अंधाधुन' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इन दोनों ही फिल्मों को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और इन्होंने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। 'बधाई हो' कोसर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला तो 'अंधाधुन' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और आयुष्मान को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला था। 'बधाई हो' डिज्नी+ हॉटस्टार पर देखी जा सकती है तो 'अंधाधुन' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

### 'नीरजा' और 'दम लगा के हईशा'

सोनम कपूर अभिनीत फिल्म 'नीरजा' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। यह फ्लाइट अटेंडेंट नीरजा की कहानी थी, जो 1986 में आतंकवादियों के फ्लाइट को हाईजैक करने के बाद बच्चों की जान बचाते हुए मारी गई थीं। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है। आयुष्मान और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'दम लगा के हईशा' सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी थी। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म पढ़ाई छोड़ चुके प्रेम और शिक्षित संध्या की कहानी है।